**खबर संक्षेप**

## धोखाधड़ी के आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूजः उमरियापान**

धोखाधड़ी के आरोपी को उमरियापान पुलिस ने चंद घण्टों में गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने उमरिया जिले के मानपुर गांव से आरोपी को दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहा से उसे जेल भेजा गया। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के घुघरी निवासी प्रमोद चौधरी 32 के साथ जबलपुर जिले के गोसलपुर थाना अंतर्गत कैलवास उमरिया निवासी रामसंजीवन उर्फ शंकर बर्मन पिता घनश्याम बर्मन 35 ने बातों में फंसाकर टीवीएस मोटरसाइकिल, रेडमी कंपनी का मोबाइल और नगदी चार हजार रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के उमरिया जिले में होने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस की एक टीम उमरिया पहुचीं। पुलिस ने उमरिया जिले के मानपुर से आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल, मोबाइल व नगदी रुपये भी बरामद किया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी,कार्यवाहक एसआई भारत सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, आशीष झारिया, अजय सिंह, आरक्षक नीलेश पटेल, रोहित झारिया, मोहन मुबेल, जगन्नाथ सिंह, योगेश पटेल, अनिल पांडेय, सत्येंद्र चौरसिया, सैनिक संतोष दुबे और देवेन्द्र बाजपेयी की सराहनीय भूमिका रही।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सौंपे दायित्व

**हरिभूमि न्यूजः कटनी**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, मप्र शासन का विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा में भ्रमण कार्यक्रम 23 अगस्त शनिवार को प्रस्तावित है। नगरपालिक निगम को सौपी गई कार्य व्यवस्थाओं को समय में पूर्ण कराये जाने हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी कर अधिकारियों को दायित्व सौंपे है।

श्री दुबे द्वारा जारी आदेश अनुसार नगर निगम से संबंधित कार्य व्यवस्थाओं की चेकलिस्ट बनाकर समय पर अपने निर्देशन में पूर्ण कराने का दायित्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन को सौंपा है।

इसी क्रम में हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक पहुँच मार्ग के सभी गड्ढों की मरम्मत हेतु प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल को तथा हेलीपेड में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था हेतु मृदुल श्रीवास्तव प्रभारी फायर नियंत्रण अधिकारी को दायित्व सौंपा है। वहीं हेलीपेड ,कार्यक्रम स्थल व मुख्य मार्गों में विशेष साफ-सफाई,चूने से रेखांकन,कीटनाशक छिड़काव, आवारा मवेशियों के नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य प्रभारी संजय सोनी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है।

**तय समय में करें व्यवस्था**

इसी तरह हैलीपैड पहुँच मार्ग एवं मुख्य मार्गों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, डिवाइडर साफ-सफाई, रंगाई- पुताई,अस्थाई अतिक्रमण हटवाने के साथ नगरपालिक निगम कटनी से संबंधित योजनाओं आदि जानकारी का फोल्डर तैयार करने का दायित्व विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए सभी व्यवस्थाओं का समय-सीमा में पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

### राजेंद्र नगर के शिव मेडिकल स्टोर सील किया

# सतना-पन्ना में 'नीली मौत' का जालः कफ सिरप की जगह नशे की गोलियों की सप्लाई, मेडिकल दुकानों पर दबिश

**सतना।**






युवाओं में बढ़ रही नशे की लत पर लगाम लगाने के लिए,रीवा और शहडोल संभाग में नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वाड) का गठन किया गया है। जिला ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे ने एक प्रेस नोट में बताया कि इस टीम में जबलपुर के औषधि निरीक्षक शशि कुमार,सतना की प्रियंका कुमारी चौबे और सिंगरौली के बिहारी लाल अहिरवार शामिल हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर,संयुक्त टीम ने 20 अगस्त को सतना के पुराना नगर निगम कॉम्प्लेक्स स्थित मेसर्स अनुष्का मेडिकल का निरीक्षण किया। 5 घंटे की गहन जांच में,नशे के रूप में दुरुपयोग होने वाली विभिन्न दवाओं के स्टॉक में भारी गड़बड़ी पाई गई। अनुष्का मेडिकल के बिक्री रिकॉर्ड की जांच के बाद अन्य दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। टीम ने पाया कि अनुष्का मेडिकल ने जबलपुर में स्थित एक स्टॉकलिस्ट से बड़ी मात्रा में स्पस्मोप्रोक्सीवोन कैप्सूल खरीदे थे,लेकिन वे 5614 स्ट्रिप की बिक्री का रिकॉर्ड नहीं दिखा पाए। इसके अलावा,एबॉर्शन किट्स और अन्य नारकोटिक दवाओं की बिक्री का रिकॉर्ड भी नहीं मिला। इसके बाद,टीम ने सतना में डिस्काउंट मेडिसिन-2,मेडिकल एंड सर्जिकल,सांई कृपा मेडिकल एजेंसी,रवि मेडिकल,सिमरन मेडिकल स्टोर्स, दया मेडिकल,लक्की मेडिकल,कपिल मेडिकल और सोनी मेडिकल स्टोर्स जैसी कई अन्य दुकानों का भी निरीक्षण किया।

22 अगस्त को,टीम ने गोविंद मेडिकल,आलोक मेडिकल और विनोद मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। मेसर्स शिव मेडिकल स्टोर्स में अनियमितताएं पाए जाने और मालिक व फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दुकान चलाए जाने के कारण दुकान को बंद करा दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर प्रियंका चौबे ने सभी मेडिकल स्टोर्स मालिकों को नींद और नशे की अन्य दवाओं को सावधानी से बेचने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी कहा कि दवाओं का उचित भंडारण किया जाना चाहिए,और एक्सपायर्ड दवाओं को बिक्री वाले स्टॉक से अलग रखना चाहिए ताकि वे गलती से भी न बिकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यापारी नशे की दवाओं के अवैध व्यापार में लिप्त पाया जाता है,तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से भी यह अपील की गई है कि यदि उन्हें अपने आसपास किसी घर या दुकान में नशीली दवाओं की संदिग्ध बिक्री या भंडारण की जानकारी मिलती है,तो वे तुरंत औषधि निरीक्षक कार्यालय को सूचित करें। सूचना के साथ पता और दुकान की फोटो भी भेजी जा सकती है,ताकि ऐसे गलत लोगों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की जा सके।



## एकेएस एवं ज्ञान गंगा संस्थान, जबलपुर के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के कंप्यूटर साइंस विभाग और जबलपुर स्थित ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज़ के बीच शैक्षणिक,अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने हेतु मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगा,जिसके अंतर्गत संयुक्त अनुसंधान कार्य,प्रकाशन,संगोष्ठी, कार्यशालाएँ एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। साथ ही,यह एमओयू अंतरविषयी परियोजनाओं तथा शिक्षकों एवं छात्रों के कौशल संवर्धन के लिए एक महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराएगा।एमओयू पर हस्ताक्षर डॉ.अखिलेश ए.वाऊ,डीन कंप्यूटर साइंस, एकेएस विश्वविद्यालय तथा डॉ.रजनीत जैन,चेयरमैन,जीजीआईटीएस द्वारा किए गए। इस अवसर पर जीजीआईटीएस के प्राचार्य डॉ.रविन्द्र वी.क्षीरसागर,विभागाध्यक्ष (सीएसई) डॉ.अशोक वर्मा,साथ ही डॉ.संतोष विश्वकर्मा एवं डॉ.आशीष मिश्रा उपस्थित रहे।

## एसपी ने लंबित मामलों पर दिए सख्त निर्देश

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने शुक्रवार को जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ एक क्राइम मीटिंग की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराधों की समीक्षा करना और लंबित मामलों का तेजी से निपटारा करना था। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाएं और आपराधिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने लंबित और स्थाई वारंटों की तामील करने और वांछित अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करने पर विशेष जोर दिया। इस बैठक में एसपी ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेना होगा। यह मीटिंग जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जबलपुर से सतना पहुंचे रेल अधिकारियों की टीम ने जताई खामियों पर नाराजगी



**सतना।** जबलपुर मंडल के एसडीजीएम नीरज कुमार शुक्रवार को आधे दर्जन से अधिक अधिकारियों के साथ 'परख' स्पेशल ट्रेन से सतना जंक्शन पहुंचे। वे सुबह स्टेशन के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने और पैसेंजर फैसिलिटीज़ का ऑडिट करने आए थे। नीरज कुमार ने आते ही प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर सभी खाने-पीने के स्टॉलों की जांच की। टीम को कैंटीन और स्टॉलों में बिकने वाले खाद्य और पेय पदार्थों में कुछ कमियां मिलीं। जांच के दौरान पता चला कि वेंडर्स खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ बेच रहे थे। स्टॉलों के निरीक्षण के दौरान,एसडीजीएम नीरज कुमार ने सीसीआई मनोज कुमार को फटकार लगाते हुए पूछा,आप क्या देखते हैं? इस दौरान,उन्होंने वेंडरों के मेडिकल कार्ड भी चेक किए,जो अमान्य पाए गए। परख स्पेशल ट्रेन से निरीक्षण करने पहुंची मंडल और जोन के अधिकारियों की टीम ने सतना को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने के संबंध में चल रहे विकास कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। नीरज कुमार ने विकास कार्यों की निगरानी कर रहे अधिकारियों को तलब किया, लेकिन पता चला कि संबंधित अधिकारी जीएम के बुलावे पर जबलपुर गए हुए हैं। बताया गया है कि जीएम ने विकास कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की क्लास ली और उन्हें फटकार लगाई। जबलपुर से सतना पहुंची अधिकारियों की टीम ने कटनी से मैहर के बीच के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं,रेलवे के विकास कार्यों,खान-पान व्यवस्था,साफ-सफाई और अन्य बिंदुओं पर फोकस करते हुए निरीक्षण किया। सतना स्टेशन के निरीक्षण के दौरान स्टेशन सुपरिंटेंडेंट श्रीमती मतीन, सीसीआई मनोज कुमार और कमर्शियल,इंजीनियरिंग व अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**पार्किंग की समस्या पर ध्यान नहीं**

अधिकारियों की टीम ने स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया,लेकिन दो महीने से खत्म हो चुके पार्किंग ठेके के बारे में कोई बात नहीं हुई। यात्री आज भी लावारिस हालत में अपने वाहन खड़े करने को मजबूर हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है जिस पर अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए था।

## सेंट माइकल स्कूल में 'तानाशाही' का आरोप अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार और मनमानी का इल्जाम

**सतना।** सेंट माइकल अमौधा स्कूल में चल रही कथित अनियमितताओं और मनमानी को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। स्कूल की वाइस प्रेसिडेंट जूही भाटिया और कोषाध्यक्ष रोमा बेंजामिन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्कूल के अध्यक्ष ज्वेल बेंजामिन और उनकी पत्नी पूजा बेंजामिन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इन पदाधिकारियों ने दावा किया कि स्कूल की प्रिंसिपल,श्रीमती सलोमी चोफिन को नियमों के खिलाफ जाकर उम्र का बहाना बनाकर हटा दिया गया है,जबकि वह अब भी एक सीबीएसई संचालित स्कूल की प्रिंसिपल हैं।

पदाधिकारियों का कहना है कि सलोमी जोफिन हमेशा कर्मचारियों के हितों की बात करती थीं और ज्वेल बेंजामिन व पूजा बेंजामिन के 'अवैध' कार्यों का विरोध करती थीं। ज्वेल बेंजामिन,जोफिन से इसलिए नाराज थे क्योंकि वह मनमाने ढंग से चेकों पर हस्ताक्षर करने से मना करती थीं।

**लाखों के चेक जारी करने पर सवाल**



प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी आरोप लगाया गया कि सलोमी जोफिन को हटाने के बाद, अध्यक्ष और उनकी पत्नी ने स्कूल पर पूरी तरह कब्जा कर लिया। उन्होंने नागेंद्र गर्ग को प्रभारी प्रिंसिपल बनाया और उनकी मौजूदगी में अतुल कोरालिया की फर्म के नाम 20 लाख रुपये का चेक जारी कर दिया,जबकि कोरालिया ने सोसायटी पर सिविल सूट का केस दायर कर रखा है। इसके बाद,मनोज वर्मा को प्रिंसिपल बनाया गया,जो मेहर सेंट माइकल स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल थे। मनोज वर्मा और ज्वेल बेंजामिन के संयुक्त हस्ताक्षर से अतुल कोरालिया की फर्म को दो और चेक (20 लाख और 10 लाख रुपये के) जारी किए गए। पदाधिकारियों ने इसे 'अमानत में खयानत' बताते हुए कहा कि सोसायटी का कर्ज चुकाने के लिए स्कूल बाध्य नहीं है।

**कर्मचारियों में भय का माहौल**

जूही भाटिया और रोमा बेंजामिन ने बताया कि कर्मचारियों को बिना किसी उचित कारण के बर्खास्त किया जा रहा है,जिससे कार्यरत स्टाफ में डर का माहौल है और स्कूल की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। जब शिक्षकों को बर्खास्त करने का कारण पूछा गया तो अध्यक्ष ने सोसायटी के नियम 6 का हवाला देते हुए बताया कि मैनेजमेंट अस्थायी कर्मचारियों को एक महीने का वेतन और नोटिस तथा स्थायी कर्मचारियों को तीन महीने का वेतन और नोटिस देकर हटा सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा गया कि श्रीमती जोफिन को 28साल की सेवा के दौरान कभी भी कोई कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया,और अचानक उन्हें हटाना बिल्कुल भी न्यायसंगत नहीं है। महिला पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें बैठकों की सूचना नहीं दी जाती है और न ही उनका पक्ष जानने की कोशिश की जाती है।

## विधानसभा की समिति ने किया व्हाइट टाइगर सफारी का अवलोकन

**सतना।**




मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति ने मैहर जिले के अध्ययन भ्रमण के दौरान गुरूवार को केजेएस सीमेंट और मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी का अवलोकन भ्रमण किया। इस दौरान समिति में केजेएस सीमेंट के अधिकारियो से सीमेंट डस्ट से किसानों की फसल पर पड़ने वाले प्रभाव और उसके निदान के संबंध में चर्चा की। समिति ने मैहर जिले के मुकुंदपुर स्थित महाराजा मार्तंड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण करने के बाद रीवा के लिए रवाना हुई। विधानसभा की कृषि विकास समिति 23 अगस्त को चित्रकूट के स्थलों और दीनदयाल शोध संस्थान के प्रकल्पों का अवलोकन करेगी। समिति सतना जिले के अधिकारियो से चर्चा करने के बाद सतना आयेगी और रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए रवाना होगी।

**आज चित्रकूट के भ्रमण पर**

म.प्र.विधानसभा की कृषि विकास समिति का रीवा संभाग का अध्ययन दौरा 20 से 24 अगस्त तक संचालित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अध्ययन भ्रमण के लिए आई विधान सभा की कृषि विकास समति 23 अगस्त को चित्रकूट में कामतानाथ स्वामी के दर्शन एवं दीनदयाल शोध संस्थान सहित कृषि विज्ञान मझगवां का भ्रमण करेंगी। विधानसभा की कृषि विकास समिति प्रातः 10 बजे से ग्रामोदय विश्व विद्यालय सभागार चित्रकूट में अधिकारियों की बैठक लेगी। कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने कृषि विभाग,वन विभाग,विद्युत विभाग,पशुपालन विभाग,उद्यान विभाग,जल संसाधन विभाग,सहकारिता विभाग,जिला विपणन अधिकारी सतना,जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सतना,मत्स्य विभाग,कृषि उपज मण्डी विभाग एवं सौर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को जानकारी सहित बैठक में समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## मत्स्य प्रक्षेत्र पोडी में अब तक 31 करोड 52 लाख मत्स्य बीज का उत्पादन



**मैहर।** एशिया के सबसे बडे मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पोडी में इस सीजन में अब तक 31 करोड 52 लाख स्पान और 79 लाख 65 हजार स्टेंडर्ड फ्राई मत्स्य बीज का उत्पादन किया जा चुका है। मैहर जिले के मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पोडी के सहायक संचालक सुरंजन सिंह ने बताया कि प्रक्षेत्र में इस वर्ष का मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य 42 करोड मत्स्य बीज रखा गया था। इस सीजन तक लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद और कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने भी गत दिवस मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पोडी का निरीक्षण कर बंगला बांध,हैचरी में मत्स्य बीज उत्पादन की प्रक्रिया मत्स्य बीज विक्रय प्रक्रिया के लिए सुरक्षित पैकिंग की गतिविधियों का अवलोकन किया था। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में पोडी में प्रतिदिन रीवा,सतना,सीधी, शहडोल, सिंगरौली,कटनी,छतरपुर,पन्ना,सागर जिले तक से मत्स्य कृषक अपने वाहनों से यहां आकर मत्स्य बीज क्रय कर ले जाते हैं। मत्स्य बीज को पानी के सहित पारदर्शी पालीथीन की थैलियों में पैक किया जाता है और थैली को बांधने से पूर्व ऑक्सीजन सिलेण्डर से उचितमात्रा में आक्सीजन भरी जाती है। अमूमन थैलियों में मत्स्य बीज 24 घंटे तक जीवित रह सकते हैं। लेकिन इसके लिए मत्स्य बीज पैकिंग थैलियों को हिलाते रहना चाहिए। ताकि कार्बन डायआक्साइड की परत नहीं जमने पाये। मत्स्य बीज वितरण की जानकारी में सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री सिंह ने बताया कि उत्पादित मत्स्य बीज में अब तक साढे 14 करोड मत्स्य बीज विभागीय इकाइयों,9 करोड 84 लाख निजी तालाब क्षेत्र के किसानों और 7.15 करोड मत्स्य बीज प्रक्षेत्र इकाई में वितरण किया गया है।

## पुलिस की निगरानी में हो रहा खाद का वितरण

**मैहर।**

जिले में खाद की कालाबाजारी और वितरण में अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस अब सीधे तौर पर निगरानी कर रही है। जिले भर के खाद वितरण केंद्रों पर पुलिस की कड़ी नजर है। हरनामपुर कृषि उपज मंडी में तो कोतवाली थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी खुद व्यवस्था को संभाल रहे हैं। किसानों को टोकन प्रणाली के जरिए खाद दी जा रही है,ताकि भीड़ न लगे और पारदर्शिता बनी रहे। यह कदम किसानों को हो रही परेशानियों को देखते हुए उठाया गया है,क्योंकि पहले उन्हें रात-रात भर लाइन में खड़े रहना पड़ता था और फिर भी कई बार खाली हाथ लौटना पड़ता था। पुलिस की इस सख्ती से न केवल कालाबाजारी रुकी है,बल्कि वितरण भी सुचारू रूप से हो रहा है, जिससे किसानों को काफी राहत मिली है।

## मऊ आंगनवाड़ी केंद्र में नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

**मैहर।** जिले के ग्राम मऊ में आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है,जिससे ग्रामीणों में काफी असंतोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र की कार्यकर्ता संतोषी कुशवाहा की मनमर्जी के कारण बच्चों को घटिया खाना दिया जाता है,जिसे वे खाने से मना कर देते हैं। केंद्र के लिए आए खिलौने भी गायब हो चुके हैं। सबसे गंभीर आरोप यह है कि गर्भवती महिलाओं को तीन महीने में सिर्फ एक बार पंजीरी का पैकेट दिया जाता है। केंद्र कब खुलता और बंद होता है,इसका भी कोई रिकॉर्ड नहीं है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से इस मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र का निरीक्षण कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है,ताकि बच्चों और महिलाओं को उनका सही हक मिल सके।

## मैहर में अवैध लाइसेंस पर चल रहे मेडिकल स्टोर

**मैहर।** ड्रग इंस्पेक्टर के निरीक्षण की औपचारिकता के कारण नशीली दवाओं का कारोबार फल-फूल रहा है। मैहर नगर और ग्रामीण इलाकों में कई मेडिकल स्टोर अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई दुकानों के पास तो वैध लाइसेंस भी नहीं हैं,और वे किराए के लाइसेंस पर चल रही हैं। इसके अलावा,कई दुकानों का संचालन गैर-तकनीकी(नॉन-टेक्निकल) व्यक्ति कर रहे हैं,जबकि नियमा नुसार लाइसेंसधारी केमिस्ट का दुकान पर मौजूद रहना अनिवार्य है। सतना में नारकोटिक उड़नदस्ते की कार्रवाई में एक मेडिकल स्टोर को सील किया गया है,जिसके बाद मैहर में भी ऐसी ही सख्त जांच की मांग उठ रही है। डॉक्टर की पर्ची के बिना या गलत दवाओं की बिक्री से मरीजों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है,इसलिए इन अवैध दुकानों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जरूरत है।

## श्रमिक विश्राम गृह निर्माण के लिए भूमि आवंटित

**सतना।**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल को श्रमिक विश्राम गृह निर्माण के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहरी के प्रतिवेदन के आधार पर मौजा कृपालपुर की आराजी नं. 105/1 रकबा 1.214 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहरी को शासकीय अभिलेख में दुरूस्त कराने तथा भूमि का अधिपत्य मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल को सौपे जाने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### 31 अगस्त तक ई-केवायसी नहीं होने पर रुकेगी पेंशन

**पन्ना।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के पेंशन हितग्राहियों का पूर्व में समग्र पोर्टल पर 31 अगस्त 2025 तक आधार ई-केवायसी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में पुनः अवगत कराया गया है कि शेष हितग्राहियों का भी निर्धारित समय-सीमा में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी पूर्ण कर ली जाए अन्यथा शासन के निर्देशानुसार पेंशन होल्ड कर दी जाएगी। उप संचालक अशोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पन्ना जिले के 12 नगरीय एवं ग्रामीण निकाय अंतर्गत अब तक 98.06 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण कर ली गई है, जबकि एक लाख 154 पेंशन हितग्राहियों के विरूद्ध अब भी एक हजार 941 हितग्राही ई-केवायसी से शेष हैं। जनपद पंचायत अजयगढ़ अंतर्गत 252, गुनौर में 346, पन्ना में 283, पवई में 427 और शाहनगर में 117 हितग्राहियों की ई-केवायसी शेष है, जबकि नगर पालिका परिषद पन्ना अंतर्गत 253, नगर परिषद अजयगढ़ में 96, अमानगंज में 86, देवेन्द्रनगर में 35, गुनौर में 30, पवई में 14 और नगर परिषद ककरहटी में मात्र 2 हितग्राही ई-केवायसी से शेष हैं। इसके लिए समस्त जनपद पंचायत सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही के लिए पुनः निर्देशित किया गया है। बताया गया है कि ई-केवायसी से वंचित हितग्राहियों की पेंशन होल्ड होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा पेंशन की मांग पर समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही पेंशन प्रारंभ की जा सकेगी।

### जिला रेडक्रास सोसायटी की बैठक स्थगित

**पन्ना।** जिला रेडक्रास सोसायटी पन्ना की आगामी 25 अगस्त को प्रस्तावित वार्षिक साधारण सभा की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। सोसायटी के सचिव ने बताया कि आगामी वार्षिक साधारण सभा की होने वाली बैठक की तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

### जिले में माइनिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट खोलने मांग


**कटनी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं सांसद वी. डी. शर्मा से कटनी में आईआईटी धनबाद की तर्ज पर माइनिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट स्थापित करने की मांग की है। श्री मिश्रा ने कहा कि इस संस्थान में बीटेक माइनिंग के साथ एमटेक और पीएचडी की पढ़ाई कराई जाए, ताकि पूरे मध्यप्रदेश में खनन से जुड़ा शोध कार्य इसी संस्थान से संचालित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस रिसर्च इंस्टिट्यूट के माध्यम से यह तय करने में मदद मिलेगी कि प्रदेश में नये उद्योग कहां स्थापित किए जा सकते हैं। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा यदि कटनी में यह संस्थान स्थापित होता है तो कटनी सहित पूरे मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और माइनिंग सेक्टर में नए अवसर भी पैदा होंगे।

**प्रकृति संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया ने की खोज**

# दक्षिण पन्ना के खिलसारी की पन्नी में मिले प्राचीन शैल चित्र- प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत संगम

**पन्ना।**

दक्षिण पन्ना वनमंडल के सलेहा परिक्षेत्र अंतर्गत बौलिया सर्किल स्थित खिलसारी की पन्नी के समीप विशाल चट्टानों पर प्राचीन शैल चित्रों की खोज हुई है। इन अद्वितीय चित्रों को प्रकृति संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया ने खोज कर साझा किया है। विशेषज्ञों के अनुसार ये चित्र अत्यंत प्राचीन काल के हैं और मानव सभ्यता के आरंभिक विकास, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा उस दौर के सामाजिक जीवन का सजीव प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। लाल-गेरुए रंगों से बने ये चित्र आज भी स्पष्ट दिखाई देते हैं, जो हमारी प्रागैतिहासिक धरोहर की महत्ता को दर्शाते हैं। खिलसारी की पन्नी अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। यहाँ बहने वाली नदी का जल कई फीट ऊँचाई से गिरकर एक मनोरम झरना बनाता है, जो विशेषकर बरसात के दिनों में अत्यंत भव्य रूप ले लेता है। झरने के आसपास का वनक्षेत्र कुल्लू, अर्जुन, कठजामुन





जैसे वृक्षों तथा विविध वन्य जीव-जंतुओं से समृद्ध है। पक्षियों का कलरव और तितलियों की उड़ान इस स्थल की खूबसूरती में चार चाँद लगाते हैं। इतना ही नहीं, शैल चित्रों के समीप स्थित बड़ादेव का स्थल आदिवासी समाज की आस्था का केंद्र है, जो इस स्थान को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण बनाता है।

**संरक्षण की आवश्यकता-**

इतिहासकारों और प्रकृति प्रेमियों का मानना है कि खिलसारी की पन्नी में मिले इन शैल चित्रों को पुरातात्विक धरोहर के रूप में संरक्षित करना अनिवार्य है। इनका संरक्षण न केवल हमारे अतीत को समझने में सहायक होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह अमूल्य धरोहर बनी रहेगी। प्रकृति संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया ने अपील की है कि इस क्षेत्र की विशेषता और महत्ता को ध्यान में रखते हुए इसे संरक्षित किया जाए, ताकि पन्ना की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखा जा सके।

**इनका कहना है -**

वन विभाग द्वारा इस धरोहर के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और स्थानीय समुदाय की सहभागिता से इसे सुरक्षित रखने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

**अनुपम शर्मा**
वनमण्डलाधिकारी पन्ना

# संभागायुक्त ने अजयगढ़ तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण, ग्रामवासियों की सुनी समस्याएं





**पन्ना।** कमिश्नर अनिल सुचारी ने आज अजयगढ़ तहसील कार्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व मामलों से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर समय-सीमा में निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री सुचारी ने सायबर तहसील के बेहतर क्रियान्वयन तथा अधिकारी-कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कर शासन के निर्देशों के तहत कार्रवाई के निर्देश भी दिए। साथ ही राजस्व रिकार्ड के ऑनलाइन संधारण तथा आपदा राहत राशि प्रकरणों की समीक्षा कर प्रभावितजनों को समय पर राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस दौरान राजस्व के दर्ज मामलों के निराकरण के संबंध में कार्यप्रणाली के बारे में भी पूछा और विभिन्न राजस्व अभिलेखों के संधारण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा और आगजनी इत्यादि तथा आरबीसी 6-4 के प्रकरणों पर भी समय सीमा में समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजस्व अधिकारी नियमित रूप से स्वयं कार्यों के प्रगति की समीक्षा करें और अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा भी लें। कमिश्नर ने तहसील परिसर स्थित उत्सव वाटिका में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंवले का पौधा भी रोपा। इसके अलावा अजयगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण भी किया। यहां छात्राओं से संवाद कर छात्रावास की सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही छात्रावास वार्डन को उचित व्यवस्थाओं के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। ग्राम पंचायत आरामगंज में नवनिर्मित अटल सुशासन भवन भी देखा और विश्रामगंज के विस्थापित परिवार एवं अन्य ग्रामीणजनों से चर्चा की। कमिश्नर ने समस्याएं सुनकर निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार, एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार एवं जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी भी उपस्थित रहे।

**कलेक्टेट में की समीक्षा-**

कमिश्नर ने कलेक्टेट में राजस्व विभाग की विभिन्न शाखाओं में लंबित मामलों के निराकरण की समीक्षा भी की। कलेक्टर कक्ष में भू-अर्जन, नकल शाखा, नजूल इत्यादि शाखाओं के प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लेकर व्यवस्थित रूप से दस्तावेज संधारण के निर्देश दिए। इस दौरान संभागायुक्त ने केन-बेतवा लिंक परियोजना एवं निर्माणाधीन रेल्वे परियोजना के कार्यों सहित जिले के वृहद स्तरीय निर्माण कार्यों से संबंधित मामलों में भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और निर्बाध रूप से निर्माण कार्य संचालन के दृष्टिगत समय पूर्व सभी वांछित तैयारी पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

# जिला पंचायत में पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 विषय पर डाटा प्रविष्टि के संबंध में हुई कार्यशाला



**पन्ना।**

जिला पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी एवं परियोजना अधिकारी पियूष मिश्रा के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में सभी लाइन विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, समस्त जनपद पंचायत से बीपीओ, क्लस्टर प्रभारी भी उपस्थित रहे। ईटीसी नौगांव से मास्टर ट्रेनर लवली मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों के सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की 9 थीम आधारित दृष्टिकोण पर विस्तृत चर्चा की गई। पीएआई 2.0 पोर्टल पर प्रविष्टि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान डेटा कलेक्शन फॉर्मेट व इसकी प्राप्ति और उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा डाटा एंट्री के लिए आवश्यक 151 प्रश्नोत्तरी का प्रोजेक्टर पर प्रदर्शन कर उसके उपयोग पर भी चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने पीएआई 2.0 पोर्टल में शीघ्र डाटा एंट्री करने एवं सही डेटा प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में बताया गया कि समस्त संबंधित विभागों से डाटा प्राप्त करने के उपरांत पोर्टल पर प्रविष्टि ग्राम पंचायत सचिव द्वारा की जाएगी, जिससे ज़िले की पंचायतों द्वारा किए गए विकास कार्यों का समग्र मूल्यांकन किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में आरजीएसए के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविकांत चतुर्वेदी, जिला समन्वयक मुकेश त्रिपाठी, कंप्यूटर ऑपरेटर रवि कुमार सेन तथा सभी विकासखंड के समन्वयक एवं ऑपरेटर भी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत सदस्य एसोसिएशन की नई नियुक्तियां



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज क्षेत्र से विवेक तिवारी को ग्राम पंचायत सदस्य एसोसिएशन मध्य प्रदेश का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं नरसिंहपुर जिले के कुंवर लाल गुर्जर को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्त पदाधिकारियों ने बताया कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य देशभर के चुने हुए ग्राम पंचायत सदस्यों (पंचों) को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके सम्मान की रक्षा करना है। संगठन भारत के सभी राज्यों में पंचायत स्तर पर सक्रिय रहकर सदस्यों को जागरूक और प्रशिक्षित करने का कार्य कर रहा हैं।

# पर्यावरण शुद्धता का संदेश देने गुनौर में माटी गणेश-सिद्ध गणेश कार्यशाला का हुआ आयोजन



**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार जनअभियान परिषद द्वारा गुनौर विकासखण्ड में पर्यावरण शुद्धता का संदेश देने के लिए माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया सहित जिला समन्वयक अनीता जाटव, ब्लाक समन्वयक जगदीश सिंह भी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय मूर्तिकार द्वारा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में गणेश जी की प्रतिमा निर्मित कर सभी उपस्थितजनों को गणेश प्रतिमा निर्मित करना सिखाया गया। इसके उपरांत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सभी अध्यक्ष, सचिव व सदस्य एवं मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं और गुनौर ब्लॉक के जनअभियान परिषद के सभी परामर्शदाताओं ने भी हाथ से मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाई।

संभाग समन्वयक ने कहा कि अपनी जमीन की मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा स्वयं निर्मित कर प्रतिमाओं की स्थापना करें, ताकि विसर्जन के समय पर जल प्रदूषित न हो। उपस्थितजनों से इस पहल का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा लोगों को प्रेरित करने का आह्वान किया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला के उपरांत जिला समन्वयक ने विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। ब्लॉक समन्वयक द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

# अमानगंज पुरानी बस स्टैंड जटाशंकर चौपाटी पर परिवार से बिछड़ा बालक समाजसेवियों की सतर्कता से परिजनों से मिला



**अमानगंज।** पन्ना जिले की अमानगंज पुराना बस स्टैंड में एक दो वर्षीय बालक जटाशंकर चौपाटी के पास घूम रहा था और किधर-उधर भटक रहा था बच्चे की रोने की आवाज सुनकर लोगों ने उसे एक जगह बैठाल कर उसके बारे में जानकारी एकत्रित की मगर बच्चे द्वारा माता-पिता सहित अपने परिवार एवं जगह का नाम नहीं बता पाया इसके बाद लोगों द्वारा मामले की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की गई तब बच्चे का पता चला बताया जा रहा है यह बालक पटेल परिवार का है जो अमानगंज नगर के कल्पना होटल के पास किराए से रहता है जिसे समाज सेवियों की पहल से परिवारजनों से मिलाया गया और परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौटी।

# गैर संस्थागत देखरेख अंतर्गत स्पॉन्सरशिप प्रकरणों के स्वीकृति की समय सीमा निर्धारित

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गैर संस्थागत देखरेख अंतर्गत स्पॉन्सरशिप के प्रकरण स्वीकृति की समयावधि के संबंध में अवगत कराया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आयोजित प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की बैठक में उस वित्तीय वर्ष के लिए गैर संस्थागत देखरेख (स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर एवं ऑफ्टर केयर) के लिए हितग्राहियों की संख्या का निर्धारण पूरे वर्ष हेतु केवल एक बार ही किया जाता है और इसके अनुरूप ही संपूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए बजट आवंटन उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में स्पॉन्सरशिप के लिए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर अनुमोदन समिति द्वारा प्रत्येक माह या त्रैमासिक रूप से किया जा रहा है।

इस संबंध में हितग्राहियों की संख्या के एक बार ही निर्धारण करने के दृष्टिगत स्पॉन्सरशिप प्रकरणों की स्वीकृति के लिए समयावधि निर्धारित की गई है, जिसके तहत प्रत्येक वर्ष एक से 15 मार्च तक एवं एक से 15 सितम्बर तक की अवधि स्पॉन्सरशिप के प्रकरणों की स्वीकृति के लिए निर्धारित है। उक्त अवधि के अलावा वित्तीय वर्ष के किसी अन्य समय में आवेदन स्वीकृत नहीं किए जाएंगे। 15 मार्च के पश्चात प्राप्त आवेदन आगामी सितम्बर माह की 15 दिवस की अवधि में स्वीकृत होंगे, लेकिन स्वीकृत आवेदनों में लाभ आगामी वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह से ही मिल सकेगा। अन्य तिथियों में कार्यालय में आवेदन प्राप्त किए जा सकते हैं, परन्तु प्रत्येक वर्ष में मार्च एवं सितम्बर की निर्धारित अवधि में ही आवेदन स्वीकृत किए जाएंगे, जिसे वित्तीय वर्ष के एक अप्रैल से मान्य किया जाएगा।

**पात्रता मापदण्ड**

भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के तहत पात्रता मापदण्ड भी निर्धारित किए गए हैं। इसमें यह प्रावधान है कि जहां बच्चे अनाथ हों और विस्तारित परिवार के साथ रह रहे हों, जहां माता-पिता जीवन के लिए खतरनाक बीमारी के शिकार हों, जहां माता-पिता अक्षम या बच्चों की देखभाल करने में आर्थिक और शारीरिक रूप से असमर्थ हों। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम के तहत शामिल बच्चे भी पात्र हैं। इसके अतिरिक्त जेजे अधिनियम 2015 के अनुसार देखभाल और संरक्षण के जरूरतमंद बच्चे जैसे बेघर, किसी प्राकृतिक आपदा के शिकार, बाल श्रम, बाल विवाह के शिकार, दुर्व्यापार किए गए बच्चे, एचआईवी एड्स प्रभावित बच्चे, विकलांग बच्चे, लापता या भागे हुए बच्चे, बाल भिखारी या सड़क पर रहने वाले सहायता एवं पुनर्वास के जरूरतमंद प्रताड़ति अथवा प्रताड़ति या शोषण किए गए बच्चे भी पात्रता मापदण्ड में शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 72 हजार रूपए प्रति वर्ष तथा अन्य के लिए 96 हजार रूपए प्रति वर्ष से अधिक आय न होना भी पात्रता के मापदण्ड में शामिल किया गया है।

**आवश्यक दस्तावेज**

स्पॉन्सरशिप योजना में आवश्यक दस्तावेज भी निर्धारित किए गए हैं, जिसके तहत बालक-बालिका एवं संरक्षक का पासपोर्ट फोटो सहित बालक अथवा बालिका का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं गत वर्ष की अंकसूची तथा पिता एवं माता का मृत्यु प्रमाण पत्र जरूरी है। इसके अतिरिक्त संरक्षक का आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र, बालक और संरक्षक का संयुक्त बैंक खाता एवं समग्र आईडी भी अनिवार्य किया गया है। संरक्षक का आय प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा। आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज कलेक्टेट स्थित कक्ष क्रमांक 104 में संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय अथवा बड़ी देवी माता मंदिर के पास बायपास रोड पन्ना स्थित बाल कल्याण समिति में जमा किए जा सकते हैं।

**विश्व मच्छर दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में जागरूकता कार्यक्रम**

# मलेरिया डेंगू से बचाना है आसान, हर स्थान पर रखें साफ सफाई का ध्यान : डॉक्टर अभिषेक जैन

**देवेंद्रनगर।**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन द्वारा की गई जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु शपथ दिलाई। डॉ. जैन ने बताया कि यह दिवस उस ऐतिहासिक खोज की स्मृति में मनाया जाता है जब ब्रिटिश सेना के सर्जन सर रोनाल्ड रॉस ने वर्ष 1897 में यह सिद्ध किया कि मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है इस खोज के लिए उन्हें वर्ष 1902 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री कमलेश प्रजापति (एमटीएस) ने जानकारी दी कि मच्छर कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का वाहक होते हैं जैसे- मलेरिया दृ मादा एनोफिलीज मच्छर- डेंगू व चिकनगुनिया - एडीज मच्छर - फाइलेरिया (हाथी पांव) कुलेक्स मच्छर बचाव के उपायों पर विशेष बल स्वास्थ्य विभाग द्वारा निम्नलिखित उपायों को अपनाने की अपील की गई। घर के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर ड्रम टंकी आदि को खाली और सूखा रखें, जमा पानी पर मिट्टी का तेल या जला हुआ



इंजन तेल डालें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, बुखार आने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क जांच कराएं - डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा न लें। डॉ. जैन द्वारा सभी को शपथ दिलाई की हम सब यह शपथ करते हैं कि अपने घरों के आसपास मच्छर जन्म की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देंगसंग्रहित पानी को ढककर रखेंगे सप्ताह में एक बार अवश्य बदलेंगेमच्छरों के काटने से बचने के उपाय अपनाएंगे और मच्छरदानी का उपयोग करेंगे स्वयं जागरूक रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे जागरूकता फैलाना तथा उनसे बचाव एवं नियंत्रण के उपाय को प्रोत्साहित करना ही सबसे अच्छा उपाय है। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन रूपरेखा 2016/2030 लागू की गई है जिसका उद्देश्य है 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त राष्ट्र बनाना डॉ जैन द्वारा कहा गया कि स्वस्थ भारत हो अपना मच्छर मुक्त हो जीवन अपना कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और जनमानस को जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

## खबर संक्षेप

### महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ का एसपी ने किया सम्मान

**छतरपुर।** घुवारा निवासी क्रांति गौड़ का महिला वल्ड कप टीम में चयन होने पर पुलिस विभाग ने उनका सम्मान किया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर ने उन्हें शाल व श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। एसपी अगम जैन ने क्रांति के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए कहा कि यह जिले के लिए गर्व का क्षण है।

इस दौरान क्रांति गौड़ ने कहा कि लड़कियों को क्रिकेट में अपना भविष्य बनाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सफलता हासिल करने का संदेश दिया। गौरतलब है कि क्रांति गौड़ लगातार भारतीय महिला टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और अब वल्ड कप में भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम में एएसपी विदिता डागर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मच्छरों पर नियंत्रण हेतु चला फॉगिंग अभियान

**कटनी।** मौसम में हो रहे बदलाव के दौरान डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कैलेंडर अनुसार नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष फॉगिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत निगम की फॉगिंग मशीनों के माध्यम से विगत दिवस इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 एवं रफी अहमद किदवई वार्ड क्रमांक 16 में वार्ड पार्षद एवं दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न गलियों, मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थलों पर रासायनिक धुआँ छोड़ा जाकर मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयास किए गए। निगमायुक्त श्री दुबे ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से फॉगिंग कार्य किया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों एवं आसपास के स्थलों, कूलरों आदि में पानी न ठहरने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें।

### नगर की सफाई व्यवस्था के लिए ननि प्रयासरत

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के प्रयास किये जा रहे है। सफाई मित्रों द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं वार्डों में नियमित सफाई कार्य किया जा रहा है। साथ ही नालियों की सफाई, कचरा उठाव और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर में रोजाना दो शिफ्ट में की जा रही सफाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को दुगाडी नाला पुलिया के ऊपर मार्ग के किनारे नालियों में जमा मिट्टी एवं अपशिष्ट की कटाई की जाकर खरपतवार की छटाई का कार्य किया गया।वहीं खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज के नीचे, चांडक चौक, पुल सहित मिशन चौक से गांधी द्वार, सुभाष चौक, गोल बाजार, बस स्टेण्ड परिसर, यात्री प्रतिक्षालय, झंडा बाजार, मैकेनिक लाईन, कनकने स्कूल प्रांगण, उपनगरीय क्षेत्र डर्बी होटल के आसपास सहित मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई का कार्य किया गया। निगमायुक्त श्री दुबे ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं।

**नौगांव के शासकीय बापू महाविद्यालय के हालात बद से बदतर, परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी**

# पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस की व्यवस्थाएं हुई धराशाई, एसी चेंबर में आराम फरमा रहे बेपरवाह प्राचार्य ?




**नौगांव।**

छतरपुर जिले में पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस का खिताब पा चुके। नौगांव के शासकीय बापू महाविद्यालय के हालात बद से बदतर है महाविद्यालय में जहां छात्र-छात्राएं अपने परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी को लेकर दर-दर भटक रहे हैं वहीं महाविद्यालय के स्टाफ से लेकर यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं परेशान है पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का ओहदा पा चुका कॉलेज अपनी दुर्दशा के आंसू बहा रहा है यहां पदस्थ प्राचार्य डॉक्टर पी के मिश्रा अपनी कार्यप्रणालियों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहते हैं महाविद्यालय में छात्रों को पीने योग्य पानी भी उपलब्ध नहीं है यहां लगे 6 वॉटर कूलर सभी खराब अवस्था में पड़े हैं जिसके कारण छात्र-छात्राएं परेशान है महाविद्यालय की गेस्ट फैकल्टी डॉक्टर प्रतिमा तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य का स्वभाव बेहद खराब है वह हमेशा तानाशाही करते हैं और अपने तानाशाही रवैया के लिए जाने जाते हैं महाविद्यालय में परीक्षाओं से लेकर प्रैक्टिकल तक लेनदेन का एक बड़ा खेल चलता है अभी हाल ही में आए रिजल्ट में सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं एक साथ फेल हो गए महाविद्यालय को अपने रिजल्ट में सुधार के लिए विभागीय अधिकारियों को लिखना चाहिए था लेकिन छात्र-छात्राओं को एक आम नोटिस जारी करके बताया गया कि आप पुनर्मूल्यांकन का फॉर्म भरे उसके बाद ही कुछ हो पाएगा एक विषय के पुनः मूल्यांकन के फार्म के लिए विश्वविद्यालय में 200 फीस लगती है। अब ऐसे में बड़ा सवाल है कि आखिर पुनर्मूल्यांकन के नाम पर चल रही इस लूट से बच्चे कितने पीड़ित है !

**एक कॉलेज के 3-3 नाम छात्र-छात्राओं में असमंजस -**

नौगांव में स्थित शासकीय बापू महाविद्यालय के अब तीन नाम सामने आ रहे हैं इसको लेकर जहां छात्र-छात्राओं में असमंजस है वही एक स्थानीय पत्रकार की आईटीआई के जवाब में भी तीन अलग-अलग नाम सामने आए हैं जिसमें पहला पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय बापू महाविद्यालय जबकि दूसरा शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय एवं तीसरा नाम नवीन महाविद्यालय नौगांव है इन तीन नाम के कारण कई बार छात्र-छात्राएं फॉर्म भरते समय असमंजस की स्थिति में हो जाते हैं विश्वविद्यालय के द्वारा जारी मार्कशीट में नवीन महाविद्यालय नाम दर्ज है जबकि महाविद्यालय के द्वारा किए जा रहे पत्राचार में दो अलग-अलग नाम सामने आ रहे हैं।

**रिजल्ट खराब आने से छात्र छात्राएं परेशान, किसी को अगली परीक्षा तो किसी की जॉब का सपना रह गया अधूरा -**

महाविद्यालय अंतर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के खराब आए रिजल्ट के कारण परेशान है नौगांव निवासी एक छात्र साहिल खान ने बताया कि उसको ग्वालियर में किसी नौकरी में ज्वाइन करना था लेकिन रिजल्ट में फेल हो जाने के कारण अब वह नौकरी ज्वाइन नहीं कर पाएगा। वही एक अन्य छात्रा ने बताया कि उसको किसी अन्य डिग्री के कोर्स में एडमिशन लेना था लेकिन उसका टेंपरेरी एडमिशन अब निरस्त हो जाएगा क्योंकि उसका परिणाम निराशाजनक रहा है एक अन्य छात्र ने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुनने वाला कोई नहीं है

क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक शिक्षा विभाग सागर नीरज दुबे से जब इस संबंध में बात करना चाहा तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा एवं एक अन्य अधिकारी प्रबल सिपाहा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग शिक्षा विभाग भोपाल ने बात तो सुनी लेकिन कोई जवाब नहीं दिया यह हैं मध्यप्रदेश के शिक्षा विभाग के हाल क्या ऐसे युवा छात्र छात्राएं गढ़ेंगे मध्यप्रदेश का विकास।

# अज्ञात कारणों से युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत



**छतरपुर**

कोतवाली थाना क्षेत्र के टौरिया मोहल्ला में शुक्रवार को एक युवक ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक टौरिया मोहल्ला निवासी सुशील साहू ने जहरीला पदार्थ खाया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुशील ने यह कदम क्यों उठाया इसका कारण स्पष्ट नहीं है। मृतक के भाई अनिल साहू ने बताया कि जैसे ही सुशील ने जहरीला पदार्थ खाया, उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया लेकिन झांसी ले जाते समय रास्ते में ही सुशील की मृत्यु हो गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखा गया है।

# 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**छतरपुर।**

ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम गहरवार में 18 वर्षीय छात्र ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। गहरवार निवासी प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि उसका भाई संतोष कुशवाहा कक्षा 11वीं की पढ़ाई कर रहा था। रात को ट्यूशन से घर लौटने के बाद वह ऊपर वाले कमरे में गया और वहीं पर रात करीब 9 बजे फांसी के फंदे पर झूल गया। संतोष ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है। ईसानगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा

# पत्तों में छिपी रखी थी अवैध शराब, पुलिस ने की जप्त



**छतरपुर।** जिले के बमनौरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। पुलिस ने कुल 72 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसकी कीमत करीब 41 हजार रुपये है। प्रकरण में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बमनौरा थाना पुलिस को रात्रि भ्रमण के दौरान भेल्दा रोड तालाब के पास संदिग्ध गतिविधियों और अवैध शराब रखे जाने की सूचना मिली थी। बमनौरा थाना प्रभारी शिशिर तिवारी और घुवारा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मोहर सिंह सिकरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम छेवला खेरा तालाब के पास पहुंची, जहां संदेही महेश पुत्र रामाधीन अहिरवार निवासी ग्राम सेवार मिला। पुलिस को देखकर महेश ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे धर दबोचा। आसपास तलाशी लिए जाने पर पेड़ के पत्तों के नीचे छिपाई गई 8 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने महेश के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर और उसे न्यायालय में पेश किया है।

**युवा कांग्रेस नेता पर दर्ज मुकदमे का लगातार हो रहा विरोध**

# कुशवाहा महासभा ने रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** पिछले दिनों छतरपुर के सिटी कोतवाली थाना में युवा कांग्रेस के छतरपुर विधानसभा अध्यक्ष पर दर्ज किए गए आपराधिक मामले का लगातार विरोध हो रहा है। शुक्रवार को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने इसे राजनीतिक साजिश करार देते हुए कड़ा विरोध जताया। समाज के लोगों ने रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा जिला अध्यक्ष आशीष पटेल के नेतृत्व में कुशवाहा समाज के सैकड़ों लोग मेला ग्राउंड में एकत्रित हुए। इसके बाद छत्रसाल चौराहा और आकाशवाणी तिराहे से होते हुए रैली कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। आशीष पटेल ने कहा कि पुष्पेंद्र कुशवाहा की मां काशीबाई कुशवाहा वार्ड 38 से पार्षद हैं। पुष्पेन्द्र लंबे समय से नगर पालिका की अव्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज उठाते आ रहे हैं, जिसके चलते कोतवाली थाने में उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज करवाया गया है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, पुष्पेंद्र को न्याय मिले और फर्जी मुकदमा दर्ज करवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# अनूठा प्रदर्शन: समाजसेवियों ने नाले में लगाई डुबकी...!

## सिंघाड़ी नदी के फाटक बंद करने की मांग, लापरवाही का विरोध



**छतरपुर।** शहर की सिंघाड़ी नदी के फाटक को नगर पालिका द्वारा खुला छोडऩे से पिछले कई दिनों से पानी बह रहा है, जिसके विरोध में शुक्रवार को समाजसेवियों और वार्डवासियों ने अनूठा प्रदर्शन करते हुए नाले में डुबकी लगाई और फाटक बंद करने की मांग की।

समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि गत गर्मियों के मौसम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदी की सफाई के लिए नगर पालिका ने स्टॉप डैम के गेट खोले थे, लेकिन इन्हें बंद नहीं किया गया, जिसके चलते नदी का पानी मोरवा और चरण पादुका की ओर बह रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका की इस लापरवाही से आने वाले समय में स्थानीय लोगों को पानी की कमी से जूझना पड़ सकता है। राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि छतरपुर नगर पालिका से बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद फाटक बंद नहीं करवाए जा रहे हैं। कुछ दिनों बाद नदी के घाट पर पितृ विसर्जन और तर्पण जैसे कार्य होंगे लेकिन यदि पानी इसी तरह बहता रहा तो इन क्रियाओं के लिए पानी नहीं बचेगा। उन्होंने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल फाटक बंद कराए।

# भैंस व्यापारियों ने हिन्दू संगठन पर लगाए लूट-पाट के आरोप

## दमोह के लोगों ने छतरपुर पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।**

दमोह जिले के भैंस व्यापारियों ने शुक्रवार को छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर हिंदू संगठन से जुड़े कुछ लोगों पर गाड़ी रोककर मारपीट करने, मवेशी और पैसे छीनने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन देने आए लोगों का कहना है कि यह सिलसिला पिछले करीब तीन महीनों से चल रहा है और कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

आवेदन देने आए दमोह निवासी गुड्डा पुत्र रज्जाक खां और सलीम उर्फ छोटू पुत्र रहीस कुरैशी ने बताया कि छतरपुर जिले केक बकस्वाहा में हिंदू संगठन से जुड़े आकाश, छोटू, ढावा वाले राजा मुंशी सहित 10 से 15 लोगों ने दो दिन पहले रात के समय उनकी गाड़ी रोकी, लाठियों और बेसबॉल बल्लों से मारपीट की तथा दो मवेशी और 14 हजार 700 रुपये छीन लिए। सलीम कुरैशी के मुताबिक वह अपनी भैंसों को महोबा ले जा रहे थे इसी दौरान आरोपियों ने बकस्वाहा के समीप उन पर हमला किया। सलीम का यह भी आरोप है कि मारपीट और लूट-पाट करने के बाद आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर गोली मारने की धमकी भी दी थी। आवेदकों के मुताबिक बक्सवाहा थाना में उनकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। उन्होंने बड़ामलहरा एसडीएम और सागर आईजी को भी आवेदन दिए हैं। सागर आईजी ने उनसे छतरपुर में शिकायत करने को कहा, जिसके बाद वे आज छतरपुर आए हैं। आवेदकों के साथ आए एक अन्य भैंस व्यापारी मोहम्मद अफरोज कुरैशी ने कहा कि आरोपी पिछले तीन महीनों से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। आरोपी रात-रात भर घूमकर गाडिय़ां लूटते हैं, अभी तक करीब एक दर्जन गाडिय़ां लूट चुके हैं। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट के सबूत के तौर पर उनके पास मेडिकल रिपोर्ट है। सभी आवेदकों ने मामले की जांच और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# भैंसासुर मुक्तिधाम में शुरु हुआ गैस शवदाह गृह

## प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात, अभी नहीं लगेगा शुल्क

**छतरपुर।**

सागर रोड पर स्थित भैंसासुर मुक्तिधाम में गैस आधारित शवदाह गृह शुरू हो गया है, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ होगी। नगर पालिका ने हाईकोर्ट के आदेश पर इस सुविधा को शुरू किया है, जो वायु प्रदूषण कम करने में मददगार होगी।



शुक्रवार को सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि सागर रोड स्थित भैंसासुर मुक्तिधाम में गैस शवदाह गृह का निर्माण पूरा हो गया है। इसके लिए आठ गैस सिलेंडर प्राप्त हो चुके हैं, और कोई भी व्यक्ति अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए इस सुविधा का उपयोग कर सकता है। अभी इस सुविधा के लिए कोई शुल्क तय नहीं किया गया है, लेकिन भविष्य में समिति इस पर निर्णय ले सकती है। सुविधा के सुचारू संचालन के लिए एक प्रशिक्षित कर्मचारी और एक चौकीदार की तैनाती की जाएगी। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इलेक्ट्रिक या गैस आधारित शवदाह गृह बनाने के आदेश दिए थे। इसके पालन में छतरपुर नगर पालिका ने यह कदम उठाया। यह गैस शवदाह गृह पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता बनाए रखने और वायु प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## खबर संक्षेप

### रीवा जिले में गणेश चतुर्थी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**रीवा** । रीवा जिले में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाशों की घोषणा की गई थी। जिसके अनुसार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर तीसरा स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। घोषित किया गया स्थानीय अवकाश जिले के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र के सभी शासकीय कार्यालयों तथा संस्थानों में प्रभावशील होगा। यह अवकाश जिले के कोषालय, उप कोषालय तथा बैंकों पर लागू नहीं होगा।

### रीवा-नागपुर ट्रेन तीन घंटे लेट, मरीजों को उठानी पड़ी भारी परेशानी, गोंदिया से आगे बिगड़ी रफ्तार



**रीवा**। रीवा से नागपुर के बीच चलने वाली इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 11754 गुरुवार को तय समय से तीन घंटे की देरी से नागपुर के इतवारी स्टेशन पहुंची। इस देरी ने खासकर उन यात्रियों को बड़ी मुश्किल में डाल दिया, जो इलाज के लिए नागपुर का रुख कर रहे थे। ट्रेन की लेटलतीफी ने मरीजों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ा दी, जो समय पर अस्पताल पहुंचने की उम्मीद लेकर रवाना हुए थे। यह ट्रेन बुधवार शाम को रीवा से रवाना हुई थी। शुरुआत में इसकी रफ्तार सामान्य रही और बालाघाट स्टेशन तक यह समय से पहले पहुंच गई। लेकिन इसके बाद ट्रेन की चाल धीमी होती चली गई। बालाघाट स्टेशन पर करीब आधे घंटे तक खड़ी रहने के बाद यह महज 4 मिनट की देरी से आगे बढ़ी। सबसे अधिक देरी बालाघाट और गोंदिया के बीच के खंड में हुई, जहां ट्रेन लगातार धीमी गति से चलती रही। गोंदिया स्टेशन पर यह सुबह 7:47 बजे पहुंची, जो कि निर्धारित समय से करीब तीन घंटे देरी थी। यही सिलसिला आगे भी जारी रहा और ट्रेन ने अपने पूरे रूट में समय की भरपाई नहीं की। आखिरकार यह ट्रेन सुबह 10:30 बजे नागपुर के इतवारी स्टेशन पर पहुंची, जहां पहले से ही मरीजों के परिजन, एंबुलेंस और कुछ निजी वाहन उनका इंतजार कर रहे थे। लेकिन देरी के चलते कई यात्रियों की अस्पताल में अपॉइंटमेंट छूट गई, जिससे उन्हें दोबारा तारीख लेनी पड़ी।बॉक्स इलाज के लिए इस ट्रेन पर निर्भर हैं सैकड़ों यात्रीगौरतलब है कि 11754 रीवा-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन को रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर, बालाघाट और गोंदिया के सैकड़ों लोग नागपुर के बड़े अस्पतालों तक पहुंचने के लिए प्राथमिक विकल्प मानते हैं। नागपुर एम्स, मेयो, और अन्य सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों के लिए यह ट्रेन बेहद अहम मानी जाती है। ट्रेन के बार-बार लेट होने की समस्या पहले भी यात्रियों द्वारा उठाई जा चुकी है, लेकिन रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### शहीद पद्मधर सिंह और श्रीनिवास तिवारी की स्थापित होगी प्रतिमा, महापौर ने किया स्थल का निरीक्षण

**रीवा** । नगर निगम द्वारा शहर में महापुरुषों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थलों पर प्रतिमाएं स्थापित की जा रही है। इसी कड़ी में महापौर अजय मिश्रा ने गुरुवार को पद्मधर पार्क एवं पुलिस लाइन चौक का भ्रमण कर प्रतिमा स्थापना के लिए स्थलों का निरीक्षण किया। महापौर ने जानकारी दी कि पचधर पार्क में शहीद लाल पाधर सिंह तथा पुलिस लाइन बैंक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाएं। स्व. तिवारी की प्रतिमा 17 सितंबर को उनकी 100वीं जयंती पर स्थापित करने की तैयारी है। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, शाहर अध्यक्ष अशोक पटेल, एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## पेयजल व्यवस्था और सीवरेज लाइन के निर्माण कार्य दिसम्बर तक पूरे करें : डिप्टी सीएम अमृत-2 योजना से शहर के सभी वार्डों में पहुंचेगा मीठा पान

रीवा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में नगर निगम में अमृत-2 योजना के तहत किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत-2 योजना से स्वीकृत पेयजल व्यवस्था से जुड़े सभी निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक अनिवार्य रूप से पूरा करा दें। पाइपलाइन बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और 12 टंकियों का निर्माण सितम्बर माह तक पूरा कराकर इनकी टेस्टिंग शुरू कर दें। अमृत-2 योजना से 15 हजार घरों में नए नल कनेक्शन होंगे तथा पूर्व के घरों में पानी की आपूर्ति बेहतर होगी। इससे शहर के सभी वार्डों में मीठा पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंचने लगेगा। आमजनता की मीठे पानी की वर्षों की मांग इससे पूरी होगी। निर्माण कार्य होने पर 94 एमएलडी पानी की आपूर्ति हो सकेगी जो शहर की आगामी 30 साल की जरूरत को पूरा कर सकेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवरेज लाइन का निर्माण तय समय सीमा में करें। बारिश समाप्त होते ही रोड रेस्टोरेशन का कार्य तेजी से कराएं। शेष बचे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण पूरा कराकर सितम्बर माह से सीवरेज लाइन से घरों का कनेक्शन शुरू कर दें। कनेक्शन देने के बाद सड़कों के निर्माण का कार्य तेजी से पूरा कराएं। बिछिया नदी में मिलने वाले नालों के भी पानी को साफ करने की व्यवस्था करें। सीवरेज लाइन निर्माण का कार्य पूरा होने के बाद शहर की स्वच्छता में वृद्धि होगी। पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण और नदियों को स्वच्छ रखने का उद्देश्य भी इससे पूरा होगा। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि पेयजल व्यवस्था से जुड़े सभी निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक पूरे हो जाएंगे। सीवरेज लाइन में जयंती कुंज एसटीपी को छोड़कर शेष सभी का निर्माण अक्टूबर माह तक पूरा हो जाएगा। बाबा घाट एसटीपी का कार्य पूरा हो गया है तथा यहाँ अब गंदे पानी का शोधन करके साफ पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। बैठक में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी नहीं, निकली गलतफहमी, पोस्ट ऑफिस में बदली बाइकें, थाने तक पहुंचा मामला

**रीवा**। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो बाइक चोरी होने की सूचना पर पुलिस ने जांच की तो पता लगा कि बाइक सवार धोखे से एक दूसरे की बाइक ले गए जिसके बाद मामला थाना पहुंचा। पुलिस ने बाइक चोरी के दो मामलों का कुछ ही घंट में खुलासा कर दिया और दोनों पीड़ितों को बाइक सौंप दी। इस पूरे मामले को लेकर एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति बैकुंठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि दो अलग-अलग लोगों द्वारा बाइक चोरी की शिकायत थाने में आकर दर्ज कराई गई थी। बताया गया कि दो अलग अलग लोगों द्वारा बाइक लेकर पोस्ट ऑफिस किसी काम से गए थे जहां दोनों की बाइक बदल गई और इसके बाद एक बाइक सवार जब यूनियन बैंक पहुंचा और वहां से काम कर बाहर निकाला तो उसे अपनी बाइक नहीं मिली। इसके बाद वह सीधे बैकुंठपुर थाने पहुंचा जहां उसने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जबकि बाइक बदलने के बाद दूसरा बाइक सवार भी थाने पहुंचा और बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाई। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल बैंक सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा में संदेहियों का पता लगाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने पाया की बाइक चोरी की वारदात हुई ही नहीं बल्कि गलती से दोनों बाइक मालिकों की बाइक बदल गई थी जिसके बाद पुलिस ने दोनों को बाईक सुपुर्द की है।

## रिटायर्ड फौजी से सरेराह लूट करने वाले को 7 साल की सजा, न्यायालय ने सुनाया फैसला



**रीवा**। करीब नौ साल पहले शहर के एक शांत माने जाने वाले इलाके में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज लूट की गुत्थी अब जाकर न्यायिक निष्कर्ष तक पहुंची है। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत करीब 9 साल पहले रिटायर्ड फौजी से दिनदहाड़े 5 लाख 30 हजार लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरे को रीवा जिला न्यायालय ने 7 वर्ष का कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई गई है।

इस पूरे मामले को लेकर लोक अभियोजन अंजू पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलाशपुरी मोहल्ला निवासी भरत प्रसाद दुबे जो आर्मी से सेवानिवृत हुए थे, 12 अप्रैल 2016 को 5 लाख 30 हजार रुपए लेकर साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और झपट्टा मारते हुए उनका रूपयो से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना में दर्ज करवाई थी। इस पूरे अपराध में पुलिस ने पांच लोगों को आरोपी बनाया था। जिसमें से बृज किशोर कंजर निवासी कंचनपुर जिला छतरपुर और नारायण कंजर को गिरफ्तार किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान नारायण कंजर फरार हो गया था, जबकि बृज किशोर कंजर को अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश अनुज त्यागी की अदालत ने 7 वर्ष का कारावास और 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले में फरार आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

## विधानसभा की समिति ने किया करहिया मंडी का भ्रमण



**रीवा**। मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति ने करहिया कृषि उपज मण्डी का भ्रमण किया। मण्डी परिसर में सदस्यों का मंत्रोच्चार से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के सभापति विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि देश के विकास में खेती का महत्वपूर्ण योगदान है। खेती से ही देश की अधिकतम आबादी को आजीविका मिल रही है। कृषि उपज मण्डी मुख्य रूप से किसानों के लिए है। मण्डी में किसानों को पूरी सुविधा देना सुनिचित करें। ई मण्डी व्यवस्था को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें। किसान साल भर कठिन परिश्रम करके जो फसल उगाता है उसका उचित लाभ उसे मण्डी में मिलना चाहिए। खेती को बेहतर करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने नदी जोड़ो का संकल्प लिया था। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी खेती के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। रीवा जिले में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मछलीपालन के विकास की असीम संभावनाएं हैं। निरीक्षण के समय समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उप संचालक मण्डी आनंद मोहन शर्मा ने जिले में मण्डी बोर्ड की योजनाओं तथा मण्डी की व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

## सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर खड़े ट्रकों पर परिवहन विभाग ने की कार्रवाई, 55 वाहनों के कटे चालान

**रीवा** । परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ व्यापक चालानी कार्रवाई शुरू की है। यह अभियान शहर के प्रमुख मार्गों, विशेष रूप से रतहरा और चोरहटा बाईपास रिंग रोड जैसे व्यस्त क्षेत्रों में चलाया गया, जहां अवैध पार्किंग के कारण जाम और दुर्घटनाओं की समस्या बढ़ रही है। इन सभी वाहनों के ऑनलाइन चालान बनाए गए। परिवहन अधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े ट्रक, कंटेनर हाइवा और अन्य वाहन न केवल यातायात को बाधित कर देते हैं, बल्कि कई बार गंभीर दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। इस अभियान के तहत परिवहन सुरक्षा स्क्वाड टीम ने वाहनों की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान काटे। कई वाहनों को मौके पर ही हटाने के निर्देश दिए गए, ताकि सड़क पर आवागमन सुगम हो सके। संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि अवैध पार्किंग सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। हमारा उद्देश्य न केवल नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करना है, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी कार्रवाई और सख्त होगी और बार-बार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वाहन जप्ती जैसी कठोर कार्रवाई भी की जा सकती है। अभी तक सडक के किनारे खड़े अवैध रूप से 55 वाहनो के चालान बनाये जा चुके हैं। रतहरा बाईपास के पास रहने वाले लोग और वहां से आवागमन करने वाले व्यक्तियों ने इस कार्य कि सराहना की है। रहवासियों और दुकानदारों ने बताया कि यहां अक्सर ट्रकों की अवैध पार्किंग से जाम लगा रहता है, जिससे हमें बहुत परेशानी होती है। परिवहन विभाग की इस पहल से अब स्थिति में सुधार होगा। आर टी ओ रीवा ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल नियम तोड़ने वालों के खिलाफ है और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी प्रक्रियाएं मोटर वाहन अधिनियम के तहत की जा रही हैं। पुलिस और प्रशासन के सहयोग से



आर टी ओ ने शहर के अन्य हिस्सों में भी नियमित चेकिंग अभियान चलाने की योजना बनाई है। यह कदम रीवा में यातायात व्यवस्था को और बेहतर करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## एक देश एक चुनाव वर्तमान समय की सबसे बड़ी मांग और चुनौती है : डिप्टी सीएम भावी पीढ़ी को नशे से बचाकर ही समाज और देश का विकास होगा



**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने एक देश एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कहा कि एक देश एक चुनाव वर्तमान समय की सबसे बड़ी मांग और चुनौती है। देश में 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ हुए हैं। अलग-अलगर कारणों से सरकारें भंग हुई और मध्यावधि चुनाव की नौबत आई। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पुनः एक देश एक चुनाव का कठिन संकल्प लिया है। जिस तरह प्रधानमंत्री जी के अन्य संकल्प पूरे हुए उसी तरह यह संकल्प भी पूरा होगा। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने पर हजारों करोड़ रुपए की बचत होगी। विकास कार्यों के लिए अधिक राशि और अधिक समय मिलेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर व्यक्ति और हर मतदाता को जागरूक करके इसमें शामिल करना होगा। संगोष्ठी का आयोजन जेएनसीटी इंजीनियरिंग कालेज में किया गया। संगोष्ठी में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में नशे की लत बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में हमारे सामने कठिन चुनौती की तरह है। कोरेक्स और अन्य नशीले पदार्थों के कारण युवा पीढ़ी अपने उद्देश्य से भटक रही है। नशा तन, मन और धन तीनों का विनाश करता है। भावी पीढ़ी को नशे से बचाकर ही समाज और देश का विकास होगा। भावी पीढ़ी यदि नशे की राह में चली गई तो हर तरह का विकास बेमानी हो जाएगा। आज विकास के जो कार्य हो रहे हैं उनका सर्वाधिक उपभोग भावी पीढ़ी ही करेगी। नशे पर नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने करोड़ो रुपए के नशीले पदार्थ जप्त किए हैं तथा 600 से अधिक नशे के सौदागरों को जेल भेजा है। नशे की बुराई को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों विशेषकर युवाओं को योगदान देना आवश्यक है। हर व्यक्ति जागरूक होकर और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझकर नशे का विरोध करे। जो नशे की गिरफ्त में हैं उन्हें उपचार और समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। संगोष्ठी में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि एक देश एक चुनाव बहुत आवश्यक है। दुनिया के कई देशों में तीन-चार तरह के चुनाव एक साथ होते हैं। बेल्जियम में मतदाता एक बार मतदान करके पाँच अलग-अलग तरह के जनप्रतिनिधि चुनता है जिनसे लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय की सरकारों का गठन होता है। देश में भी प्रथम आम चुनाव से ही लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहाँ सर्वाधिक मतदाता हैं। यदि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने लगें तो करोड़ो मतदाता एक ही चुनाव में दो सरकारों के प्रतिनिधि चुन लेंगे। इससे परिश्रम, धन और समय तीनों की बचत होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक देश एक चुनाव का संकल्प लिया है। हम सब मिलकर इस संकल्प को पूरा करने में योगदान दें। संगोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी डॉ राजेन्द्र मिश्रा, राम सिंह, राजेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कालेज के संचालक एसएन तिवारी, प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## व्यापारी के सूने मकान पर चोरों ने बोला धावा, लाखों के गहने-नकदी साफ, सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी ले गए, बिछया थाना क्षेत्र के कुठलिया गुलाब बाग के पास की घटना

**रीवा**। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाब बाग के समीप स्थित एक व्यापारी के सूने मकान में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना में अज्ञात बदमाशों ने करीब 10 तोला सोना, चांदी के जेवर और 2.5 लाख नकद पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह घटना तब हुई जब मकान मालिक अपने पुराने घर में परिवार के साथ गया हुआ था।



जानकारी के अनुसार, मोबाइल कारोबारी मोहम्मद आकिब कुछ समय के लिए अपने घोघर स्थित पुश्तैनी घर चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने घर को निशाना बनाते हुए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और भीतर प्रवेश कर गए। उन्होंने न सिर्फ कीमती जेवरात व नकदी चुराई, बल्कि जांच को मुश्किल बनाने के उद्देश्य से घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर (रिकॉर्डिंग डिवाइस) भी उखाड़ ले गए।घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब अगले दिन व्यापारी घर लौटा। उसने देखा कि दरवाजा टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। तत्काल मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। देर शाम फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भी बुलाकर घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कराया गया। बताया गया कि मोहम्मद आकिब की हाल ही में शादी हुई थी, और घर में उनकी पत्नी के विवाहिक जेवरात रखे हुए थे, जिन्हें चोरों ने चुरा लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## मुख्यमंत्री 7 सितम्बर को आएंगे देवतालाब बैठक में की गई तैयारियों की समीक्षा

**मऊगंज**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 7 सितंबर को जिले में विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम में बहुती जलप्रपात पर्यटन स्थल तथा देवतालाब शिव मंदिर को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव देवतालाब स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास भी किया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जिले के लिए महत्वपूर्ण है। सभी तैयारियां समय पर और उच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, पार्किंग, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री सबसे पहले पर्यटन स्थल जलप्रपात पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री देवतालाब पहुंचकर शिवमंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री देवतालाब स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है। इसके लिए विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्व के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग बहुती और देवतालाब में हेलीपैड निर्माण तथा



सभास्थल में आवश्यक निर्माण एवं बेरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था, आंगतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, मंच की साज-सज्जा तथा कार्यक्रमों के प्रस्तुतिकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के बाद विधायक देवतालाब तथा कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण करके की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एडीएम पीके पाण्डेय, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, कलेक्टर संजय कुमार जैन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में देवतालाब मंदिर का निरीक्षण भी किया।

## कल्याण ज्वैलर्स ने रीवा में अपने नए शोरूम के साथ अपनी पहुँच का विस्तार किया

### कल्याण ज्वैलर्स के साथ कैंडियर ज्वैलरी शोरूम की भी होगी शुरुआत, बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर रविवार, 24 अगस्त को करेंगी दोनों शोरूम्स का उद्घाटन

रीवा

भारत के सबसे विश्वसनीय और अग्रणी आभूषण ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज मध्य प्रदेश के रीवा स्थित हुजूर नगर में अपने नए शोरूम के शुभारंभ की घोषणा की। बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर रविवार, 24 अगस्त को शाम 7:00 बजे कल्याण ज्वैलर्स और उसके लाइफस्टाइल आभूषण ब्रांड कैंडियर दोनों शोरूम का उद्घाटन करेंगी। इस ब्रांड की वर्तमान में क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों में मजबूत उपस्थिति है। नए शोरूम में विश्वस्तरीय माहौल में डिज़ाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी।

नए शोरूम के बारे में बात करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, ₹एक कंपनी के रूप में हमने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और अपने ग्राहकों के खरीदारी अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हर जतन करते हुए लगातार एक बेजोड़ इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं। मध्यप्रदेश कल्याण ज्वैलर्स के लिए एक प्रमुख बाजार बना हुआ है, और हमने पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में रणनीतिक रूप से अपना विस्तार किया है। हमें विश्वास है कि रीवा में आने वाला शोरूम बाजार में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करेगा, साथ ही हमारे मूल्यवान ग्राहकों को अधिक सुविधा और पहुंच प्रदान करेगा। हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति सच्चे रहते हुए अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ खरीदारी की पेशकश जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

लॉन्च का जश्न मनाने के लिए, कल्याण ज्वैलर्स ने 0% मेकिंग चार्जेस* की पेशकश की है। साथ ही, कंपनी के सभी शो-रूम्स पर लागू कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट (बाज़ार में सबसे कम और मानकीकृत दर) का लाभ इन ज्वैलरी खरीदों पर भी मिलेगा। ये ऑफ़र सीमित समय के लिए मान्य होंगे।

कल्याण ज्वैलर्स में बिकने वाली सारी ज्वैलरी BIS हॉलमार्क्ड है और कई स्तर की शुद्धता जाँच से गुज़रती है। ग्राहकों को मिलेगा कल्याण ज्वैलर्स 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट, जिसमें शुद्धता की गारंटी, आभूषणों का मुफ्त लाइफटाइम मेंटेनेंस, विस्तृत प्रोडक्ट जानकारी और पारदर्शी एक्सचेंज व बाय-बैक नीतियाँ शामिल हैं। यह प्रमाणपत्र ब्रांड की अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

*इस शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के लोकप्रिय घरेलू ब्रांड भी उपलब्ध होंगे, जिनमें मुहूर्त (शादी के आभूषणों की श्रृंखला), मुद्रा (हस्तनिर्मित प्राचीन आभूषण), निमाह (मंदिर के आभूषण), ग्लो (डांसिंग डायमंड्स), जिया (सॉलिटेयर जैसे हीरे के आभूषण), अनोखी (बिना कटे हीरे), अपूर्वा (विशेष अवसरों के लिए हीरे), अंतरा (शादी के हीरे), हेरा (रोजाना पहने जाने वाले हीरे), रंग (कीमती पत्थरों के आभूषण) और हाल ही में लांच की गई लीला (रंगीन पत्थर और हीरे के आभूषण) शामिल हैं।*